दिन–रविवार | दिनांक– 30 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से नशामुक्त भारत अभियान को और गति देने की अपील की।

02 प्रदेशभर की पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन। विकास योजनाओं को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक।

03. कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– उर्वरक और बीज की बिक्री व्यवस्था को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जा रहा है।

04. और, नेपाल की बाढ़ त्रासदी में मृतकों की संख्या बढ़कर सात सौ अड़सठ हुई। राहत और बचाव कार्य में भारत कर रहा है हर संभव सहायता।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि नशे की लत से केवल एक व्यक्ति पर ही दुष्प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि पूरे परिवार और समाज को इसके परिणाम भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने लोगों से नशामुक्त भारत अभियान को और गति देने की अपील की।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने लोगों से नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावशाली नारा तैयार करने और युवा संगीतकारों से ऐसे गीत बनाने को कहा जो नशा मुक्त जीवन का संदेश दें।

–––बाइट–––

नशा मुक्त भारत के लिए क्या आप कोई पावरफुल स्लोगन बना सकते हैं? क्या हमारे यंग म्यूजीशियन, ऐसे शांग्स बना सकते हैं, जिनमें ड्रग फ्री लाइफ का मैसेज हो? क्या स्टूडेंट्स और थीऐटर ग्रुप दिल को छू लेने वाले सार्ट प्लेज लिख सकते हैं जिनमें ड्रग्स के खतरों के साथ–साथ उनसे बाहर निकलने का रास्ता भी हो। हमारे देश में बेहतरीन कंटेंट क्रिएटर्स की कमी नहीं हैं। मेरा आग्रह है कि वे अलग–अलग भाषाओं में ऐसा कंटेंट बनाएं जिससे इस दिशा में समाज को मदद मिले।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है।

———बाइट———

पीएम स्वनिधि योजना' की लाभार्थियों में करीब 46 प्रतिशत महिलाएं हैं। यानी देशभर में लगभग 35 लाख महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही हैं। गाजियाबाद की बबीता शर्मा जी, पूजा की सामग्री का एक छोटा सा स्टाल लगाती थीं। मेहनत खूब थी, लेकिन कारोबार बढ़ाने के लिए पूंजी की जरूरत थी। पीएम स्वनिधि' से उन्हें आर्थिक मदद मिली। कारोबार का विस्तार किया। ग्राहक बढ़े और धीरे–धीरे सड़क किनारे का उनका छोटा सा स्टाल एक दुकान में बदल गया।

श्री मोदी ने मिशन शक्तिसैट का जिक्र करते हुए कहा कि इस पहल से देश की बेटियों के सपनों की उड़ान धरती से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुंच रही है।

———बाइट———

आज हमारी बेटियों के सपनों की उड़ान, धरती से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुंच रही है और आपको यह जानकर गर्व होगा कि भारत, ऐसे सपने देखने वाली दुनिया की हजारों बेटियों को एक साथ जोड़ रहा है। इस प्रयास का नाम है मिशन शक्ति सेट। इसके माध्यम से 108 देशों की 12 हजार छात्राओं को सेटलाइट टेक्नोलॉजी सीखने और इंनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

मन की बात में श्री मोदी ने आने वाले त्योहारों के दौरान लोगों से वोकल फॉर लोकल के आग्रह को आगे बढ़ाने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि कुछ दिनों बाद भारत में जन्माष्टमी और विश्वकर्मा पूजा पर्व मनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत का आत्मनिर्भर बनने का मार्ग भारत में बने उत्पादों पर गर्व करने से ही प्रशस्त होगा।

———बाइट———

त्योहारों के इस मौसम में, मैं एक बार फिर, आपसे, वोकल फार लोकल का आग्रह दोहराऊंगा और वोकल फार लोकल का मतलब केवल मिट्टी के दीये खरीदना नहीं है, इसका विजन बहुत बड़ा है। हम अपने घर के लिए जो भी सामान खरीदते हैं, उसे एक बार जरूर देख लें कि वो भारत में बना हो। भारत के आत्मनिर्भर बनने का मार्ग, भारत में बनी चीजों पर गर्व करने से ही प्रशस्त होगा।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित सभागार में प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर राज्य में भी युवाओं को नशे से दुर रखने और समाज में जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को गति दी जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि नशामुक्त युवा ही सशक्त बिहार और विकसित भारत बनाने में योगदान दे सकता है।

---बाइट---

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने आज गया जी के रामशीला पहाड़ के समीप स्थित सामुदायिक भवन में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मन की बात देश के प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक प्रभावी और सशक्त माध्यम बन गया है।

---

प्रदेशभर के विभिन्न पंचायतों में आज पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया गया। इसके तहत ग्राम सभा में ग्रामीणों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि इस दौरान ग्रामीणों में खास उत्साह दिखा। नवादा जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से जुड़ें अपने अनुभव साझा किये। सारण जिले की तीन सौ अठारह पंचायतों में सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्यायसंगत पंचायत थीम पर जन चर्चा आयोजित की गई। जहानाबाद के सभी सात प्रखंडों की पंचायतों में अतिकुपोषित बच्चों के बीच फूडबास्केट का वितरण किया गया। अन्य जिलों की पंचायतों में भी ग्रामीण विकास की लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक और बीज समय पर सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए उर्वरक की बिक्री व्यवस्था को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जा रहा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि इसके लिए फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एप्लिकेशन सिस्टम एफ.एस.ए.एस के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की गई है। श्री सिन्हा ने बताया कि वैशाली और शेखपुरा जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में फार्मर आईडी के आधार पर किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसे चरणबद्ध ढंग से पुरे राज्य में लागू किया जायेगा।

———————————————————————————

नेपाल बाढ़ में मृतकों की संख्या 768 हो गई है। लगभग 2 हजार पांच सौ लोग अब भी लापता हैं। आपदा के पांचवें दिन बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश और फंसे हुए लोगों को बचाने में जुटे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि 11 टन राहत सामग्री लेकर चौथा विमान आज नेपाल पहुंचा।

———बाइट———

बचाव दल ने अब तक 8 हजार 186 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। इनमें 2 सौ 27 विदेशी नागरिक हैं। नेपाल सरकार ने भोटे कोशी नदी में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। भोटे कोशी नदी के आसपास रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि अब तक एक सौ 8 भारतीय नागरिकों को बचाया जा चुका है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दो सौ 75 भारतीय और अन्य देशों के भारतीय मूल के एक सौ 28 लोग भी लापता हैं। वहीं, चीन में 9 सौ भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं और पेइचिंग में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार प्रभावित लोगों के शीघ्र बचाव और राहत कार्यों के लिए नेपाल और चीन के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है। भारत से 11 टन राहत सामग्री लेकर चौथा विमान काठमांडू पहुंच चुका है। इससे पहले भारत ने तीन विमानों में 57 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी थी। समाचार कक्ष से अंजुम आलम।

———————————————————————————

भारत बाढ़ प्रभावित नेपाल में राहत और बचाव कार्यों में लगातार सहयोग कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि त्रासदी के इस समय में भारत अपने मित्र देश को अकेले नहीं छोड़ सकता है।

———————————————————————————

नेपाल के विभिन्न भागों के साथ ही प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर बारिश के कारण गंडक, बागमती, कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में बढ़ा है, जबकि राज्य के अन्य स्थानों पर स्थिर बना हुआ है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में और कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला मे लाल निशान को पार कर गयी है। इधर, वाल्मीकिनगर गंडक बराज से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम चंपारण, गोपालगंज समेत विभिन्न जिलों में गंडक नदी के तटीय इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। प्रशासन तटबंधों की निगरानी में लगा हुआ है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया है कि कोसी नदी के जलस्तर में सामान्य गति से वृद्धि हो रही है और कोसी बराज से आज शाम छह बजे एक लाख चौरासी हजास से अधिक पानी छोड़ा गया है। आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने आज सीतामढ़ी में स्थिति की समीक्षा थी। उन्होंने नेपाल में त्रासदी के मद्देनजर अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये है।

———————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रियता के कारण के प्रदेश के विभिन्न भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, गया और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों के अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

———————————————————————————

मंत्रिमंडल सचिवालय के उर्दू निदेशालय की ओर से पटना के पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में दो दिवसीय जश्न–ए–उर्दू का आयोजन किया जा रहा है। आज आयोजन के दूसरे दिन मुशायरा में देशभर के प्रसिद्ध शायर और कवि शामिल हो रहे है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कल कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि उर्दू भाषा मोहब्बत और मिठास की भाषा है। उन्होंने कहा कि जश्न–ए–उर्दू जैसे कार्यक्रमों से  राज्य की गंगा–जमूनी तहजीब को और मजबूती मिली है।

———————————————————————————

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस मुठभेड़ में एक अपराधी अनीष कुमार घायल हो गया। जबकि एक अन्य अपराधी पीयूष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि अपराधियों की ओर से करीब चालीस राउंड फायरिंग की गई। मुठभेड़ में दौरान एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी है। मौके से एक देशी कट्टा, दो देशी पिस्तौल, एक रायफल, एक देशी कार्बाइन जब्त किया गया है।

———————————————————————————

सीवान के एक निजी हॉटल में आज भगवान बलभद्र पूजा समारोह का आयोजन किया गया। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने पूजा–अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

———————————————————————————

सारण जिला मुख्यालय छपरा स्थित समाहरणालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से एक पैरा लीगल वॉलैंटीयर के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

———————————————————————————

अररिया जिले के गैयारी पंचायत में जीविका सुधा बिक्री केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी विनोद दूहन ने इसका उद्घाटन किया।

———————————————————————————————————

मधुबनी जिले के बासोपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर तीन सौ पचास ग्राम गांजा के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया।

———————————————————————————————————

पश्चिम चंपारण के बगहा के मंगलपुर से गंडक बराज तक एसएसबी की इक्कीसवीं वाहीनी की ओर से आज फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत साइकिल रैली निकाली गई।

———————————————————————————————————

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से नशामुक्त भारत अभियान को और गति देने की अपील की।

02 प्रदेशभर की पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का आयोजन। विकास योजनाओं को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक।

03. कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– उर्वरक और बीज की बिक्री व्यवस्था को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जा रहा है।

04. और, नेपाल की बाढ़ त्रासदी में मृतकों की संख्या बढ़कर सात सौ अड़सठ हुई। राहत और बचाव कार्य में भारत कर रहा है हर संभव सहायता।

———————————————————————————————————

समाप्त